चूँकि निः ुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत बालक को अपनी उम्र के अनुसार कक्षा में सीधे दाखिला लेने का अधिकार है। अतः जयकिशन को भी 7वीं कक्षा में सीधे भर्ती कराने की बात की गई। पहले तो जयकिशन ने मना किया, लेकिन बाद में वह खुशी–खुशी स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। अब जयकिशन रोज स्कूल जाकर 7वीं कक्षा में पढ़ाई करता है।

अब प्रशिक्षक प्रतिभागियों से प्रश्न पूछेगें :–

प्र– क्या जयकिशन को पुनः कक्षा पहली से पढ़ना चाहिये था?

संभावित उत्तरः—..

प्र— क्या अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण—पत्र के अभाव में प्रवेश नहीं दिया जाना उचित है?

संभावित उत्तरः—..

प्र— क्या बड़े बच्चों को छोटे बच्चों के साथ पढ़ने में हीन भावना आती है ?

संभावित उत्तरः—..

प्र— क्या अंकसूची के अभाव में बच्चे को जीवन भर अनपढ़ ही रहना उचित है या उम्र के अनुसार कक्षा में भर्ती कराकर शिक्षित कर देना?

संभावित उत्तरः—..

प्र— तो क्या शिक्षा का अधिकार अधिनियम सभी बच्चों को शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने के लिए सार्थक है?

संभावित उत्तरः—..

प्र— निः ुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम लाने से सभी बच्चों को स्कूल में लाकर उनको उचित शिक्षा दी जा सकेगी ?

संभावित उत्तरः—..

प्र— निः ुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू करने एवं उचित क्रियान्वयन करने हेतु किनके सहयोग की आवश्यकता होगी ?

संभावित उत्तर—..

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से अपने गाँव की माइक्रोप्लानिंग फाईल पढ़कर इस प्रश्न का उत्तर लिखेंगे—

प्र— आपके गाँव की किन समस्याओं का समाधान शिक्षा का अधिकार अधिनियम के द्वारा किया जा सकता है?

क्र	**ैक्षिक समस्याएँ**	**शिक्षा का अधिकार अधिनियम के द्वारा समाधान**
1.	....	....
2.	....	....
3.	....	....
4.	....	....
5.	....	....

निकर्ष— अतः शिक्षा का अधिकार कानून प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने, उन्हें गति एवं स्तरानुरूप शिक्षा देने तथा पालक, शिक्षक और समुदाय की मदद करने के लिये लागू किया गया है। अब 6—14 व र्ष के किसी भी बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने में बाधा नहीं आयेगी।

बालिका शिक्षा

उद्देश्यः–

1) बालिका शिक्षा के महत्व को बताना।

(2) 6–14 व र्ा के ात्–प्रतिशत् बालिकाओं का नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करना।

(3) लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए कार्ययोजना निर्मित करना।

(4) बालिकाएँ सकारात्मक आत्मछवि बना सकें इसके लिए वातावरण निर्माण करना।

(5) बालक–बालिकाओं से संबंधित समाज में व्याप्त भ्रान्तियों एवं मान्यताओं को बदलना।

आवश्यक सामग्रीः–

कोरा कागज, ड्राइंग ीट, मार्कर, व्हाईट बोर्ड आदि।

गतिविधिः–

प्रशिक्षक प्रतिभागियों को अपनी–अपनी डायरी में 5–5 बच्चों के नाम लिखने को कहेंगे। तत्पश्चात् कुछ प्रतिभागियों से उनके द्वारा लिखे गये नामों को पढ़ने के लिए कहेंगे। प्रशिक्षक देखेंगे किः–

(1) प्रतिभागियों ने लड़कों का नाम ज्यादा लिखा है।

(2) लड़कों के नाम ुरूआत में ही लिखे हैं।

प्रश्नः– ऐसा क्यों हुआ?

संभावित उत्तरः– आज भी हमारी सोच में केवल बालक है, बालिकाएँ हैं ही नहीं।

प्रश्नः– इस सोच के कारण शिक्षा पर क्या विपरीत प्रभाव दिखाई देता है?

संभावित उत्तरः–

(1) बालिकाओं की शिक्षा पर विशे ा ध्यान नहीं दिया जाता है।

(2) बालिकाओं को बालकों की तुलना में कम महत्व दिया जाता है।

(3) बालिकाओं की पढ़ाई बीच में ही छुड़वा दी जाती है।

(4) बालिकाओं के विवाह तथा बालकों के भवि य पर चिन्ता की जाती है।

(5) बालिकाओं को आवश्यकता से अधिक संरक्षण दिया जाता है जिससे उनमें आश्रितता की भावना उत्पन्न होती है और वह आत्मनिर्भर नहीं बन पातीं।

(6) अपने भवि य के निर्णय स्वयं नहीं ले पातीं।

(7) कार्यों का बँटवारा योग्यता को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि लिंग को ध्यान में रखकर किया जाता है।

(8) बालिकाओं की तुलना में बालकों को अधिक अवसर प्रदान किया जाता है।

प्रश्नः– हमारे समाज में कौन–कौन सी जेण्डर (लिंग) सम्बन्धी भ्रान्तियाँ दिखाई देती हैं?

सम्भावित उत्तरः–

1) लड़के एवं लड़कियाँ समूह में एक साथ नहीं रह सकतीं।

2) लड़कियाँ वह काम नही कर सकतीं जो लड़के करते हैं।

3) झाडू लगाना, पोछा लगाना, बर्तन माँजना, पानी भरना, कपड़े धोना, खाना पकाना जैसे काम केवल

लड़कियाँ ही करेंगी लड़के नहीं।

4) लड़कियाँ तो पराया धन होती हैं।

5) लड़के तो कुल–दीपक होते हैं लड़कियाँ नहीं।

6) लड़कियाँ ज्यादा पढ़–लिख लेंगी तो उनके विवाह में बाधा आयेगी।

7) लड़कियों को पढ़ा–लिखाकर कौन–सी हमें उन्हें नौकरी करवानी है।

8) लड़की पढ़ने जायेगी तो घर का काम कौन करेगा?

9) माता–पिता का अन्तिम संस्कार यदि बेटा करेगा तो मोक्ष की प्राप्ति होगी।

10) लड़कियाँ पढ़–लिखकर क्या करेंगी, उन्हें तो चूल्हा ही फूँकना है।

11) लड़की नौकरी करेगी तो क्या पैसा माँ–बाप को देगी?

12) लड़कों को लड़कियों की अपेक्षा अधिक घूमने–फिरने की छूट दी जाती है।

एकांकी

पात्र परिचयः– मधु, रानी, रानी के पिताजी, मधु के पिताजी, रानी की माता, मधु की माता, गाँव का शिक्षक, सामाजिक अध्यक्ष।

(बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड के मोहतराई गाँव में मधु और रानी नाम की दो सहेलियाँ रहती थीं। दोनों कक्षा 5वीं में पढ़ती थीं। एक दिन की बात है, जब दोनों खुशी–खुशी अपना परीक्षा परिणाम लेकर अपने–अपने घर पहुँचीं।)

(पहला दृश्य)

मधुः– माँ! माँ! मैं पास हो गई।

मधु की माँः– (हँसते हुए) पास हो गई बेटी, मै अभी तुम्हारे पिताजी को बताती हूँ। (पिताजी की ओर जाती हुई कहती है) अजी! सुनते हो।

मधु के पिताजीः– बोलो भाग्यवान! अब क्या हो गया?

मधु की माँः– अजी! हमारी लाडली पास हो गई, अब इसे आगे भी पढ़ाते है।

मधु के पिताजीः–बस करो, बड़ी आई पढ़ाने वाली। क्या इस गाँव में कोई बेटी को आगे भी पढ़ाया है?

(मधु छुपकर यह सब सुन रही थी इससे उसकी आँखों में आँसू आ जाते हैं क्योंकि वह पढ़ना चाहती थी। उसके सपने टूट जाते हैं और मधु की माँ भी उदास हो जाती है।)

(दूसरा दृश्य)

रानीः– (हँसते हुए माता–पिता के पास पहुँचती है) पिताजी! पिताजी! मैं पास हो गई।

रानी के पिताजीः–ठीक है अच्छा हुआ, जाओ माँ से बोलो तुम्हे घर का काम सिखाएगी (रानी उदास होकर चली जाती है और अपनी माँ के साथ कार्य में लग जाती है।)

(तीसरा दृश्य)

(विद्यालय के प्रधान पाठक घूमते हुए मधु के घर पहुँचते है)

गुरूजीः– (मधु के पिताजी से कहते है) मधु कक्षा में प्रथम आई है, इसे आगे की पढ़ाई जरूर करवाइए।

मधु के पिताजीः—नहीं गुरूजी! मधु अब आगे नहीं पढ़ेगी। हमारे समाज मेंआज तक कोई भी लड़की आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे गाँव नहीं गयी।

गुरूजीः— (शिक्षा के महत्व को समझाते हुए) देखो भाई! मधु पढ़ेगी—लिखेगी तो अपना जीवन अच्छे से बिताएगी और समाज मेंअपना स्थान बना पाएगी।

मधु के पिताजीः—ठीक है गुरूजी! आप बोलते हैंतो मैंमधु को आगे पढ़ाऊँगा। उसको निकट गाँव के स्कूल में प्रवेश दिलाऊँगा। पर गाँव और समाज वाले क्या कहेंगे? (शिक्षक के बार—बार समझाने पर आखिरकार मधु के पिताजी मधु को आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे गाँव भेज देते हैं।)

(इसी प्रकार प्रधानपाठक रानी के पिताजी को भी समझाते हैं लेकिन वे रानी को पढ़ाने से साफ मना कर देते हैं।)

(चौथा दृश्य)

समाज का मुखियाः—(मधु के पिताजी से) मधु कहाँ गई है? आखिर तुमने उसे दूसरे गाँव मेंपढ़ाई के लिए भेज ही दिया। हे राम!!! न जाने वहाँ क्या होगा?

मधु के पिताजीः—नहीं मुखिया जी! मेरी बेटी पढ़ेगी। मैंउसे अधिकारी बनाऊँगा। (इतना सुनकर समाज का मुखिया झल्लाते हुए अपने घर की ओर चला जाता है।)

(पाँचवा दृश्य)

(12 व[illegible] बाद)

(मधु अधिकारी बनकर अपने गाँव लौटती है। सभी गाँव वाले उसका स्वागत और सम्मान करते हैं। मधु के पिताजी का सिर गर्व से ऊँचा हो जाता है।)

रानीः— अच्छा हुआ बहन! तुम पढ़—लिखकर बड़ी अधिकारी बन गई हो। अब इन गाँव वालोंको तुम ही समझाओ ताकि मेरी तरह गाँव की अन्य लड़कियाँ पढ़ाई से वंचित न रहें।

रानी के पिताजीः—(रोते हुए) क्यों मैंने अपने बेटी को आगे नहीं पढ़ाया?

मधु— हमेंगाँव के सभी बालक—बालिकाओंको पढ़ना—लिखाना चाहिए। ताकि स्वावलंबन आए और बेटा—बेटी एक समान हो।

(पर्दा गिरता है)

आइये जरा सोचें—

:— क्या कभी किसी पालक नेअपनी बेटी के नाम पर कोई जमीन—जायदाद या कोईअचल सम्पत्ति खरीदी है? अथवा अपने जायदाद में बिना कहे बेटियों को बेटों के समान हक स्वेच्छा से दिया है?

:— अपने ही बच्चों के साथ इतना भेद—भाव क्यों? क्या ये सही है?

:— क्या हम एक आदर्श पालक बन पाए?

:— हममें से कितने लोगों ने बेटी के जन्म होने के पश्चात् नसबन्दी करवा ली?

:— हर साल हजारों की संख्या में कन्या भ्रूण हत्या हो रही है। क्या यह सही है?

:— क्या हमारी बेटियों के मन में कभी यह सवाल नहीं आयेगा कि हमारे पालकों ने हमारे साथ कितना बड़ा

अन्याय किया है?

आइये, कुछ और विचार करते हैं–

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से महिला एवं पुरू ा के कार्यों को पूछकर बोर्ड पर अलग–अलग खण्ड में लिखते जायेंगे।

महिला के कार्य	**पुरू ा के कार्य**

इसके बाद प्रशिक्षक महिला एवं पुरू ा द्वारा किये जाने वाले कार्यों की तुलना करके बतायेंगे कि महिलाएँ भी उतना ही कार्य करती है जितने कि पुरू ा।

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से माइक्रोप्लानिंग की फाईल पढ़कर विद्यालय न जाने वाली बालिकाओं के बारे में जानकारी लेंगे और उन्हें विद्यालय तक लाने के लिये कार्ययोजना का निर्माण करेंगे।

कार्य योजना

क्र.	**बालिका का नाम के कारण**	**स्कूल न आने रणनीति**	**ाला में लाने की**	**जिम्मेदारी**	**कब तक**
1.	.....	.....	.....	.....	.....
2	.....	.....	.....	.....	.....
3	.....	.....	.....	.....	.....
4	.....	.....	.....	.....	.....
5	.....	.....	.....	.....	.....

नि क ा– बालक एवं बालिकाओं के साथ समानता का व्यवहार करते हुए बालिकाओं को आगे लाने के लिए सरपंच, पालक एवं समुदाय को संवेदनशील होना होगा।

तत्पश्चात् प्रशिक्षक एवं सभी प्रतिभागी **' बेटी हूँ मैं बेटी'** गीत गायेंगे।

समावेशी शिक्षा

उद्देश्यः–

1) विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंकी कठिनाइयोंसेअवगत कराना।
2) विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंकी शिक्षा हेतु संवेदनशील बनाना।
3) विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंको दी जाने वाली सुविधाओंसेअवगत कराना।
4) विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंके प्रति समाज मेंविद्यमान भ्रांतियोंको दूर करना।
5) विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंको शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने हेतु कार्ययोजना निर्मित करना।
6) विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंकी शिक्षा एवं सहयोग के लिए समाज को जागृत करना।

आवश्यक सामग्रीः– सुतली 1 फीट, लकड़ी का डंडा, आँख को बाँधने के लिए काली पट्टी।

गतिविधिः–

प्रशिक्षण मेंउपस्थित कुछ व्यक्तियोंके हाथ को कोहनी के पास से लकड़ी का डंडा लगा कर बाँध दें, कुछ व्यक्तियों के आँखों में पट्टियाँ बाँध दें, कुछ व्यक्तियों के पैर को घुटने के पास लकड़ी के डंडे से बाँध देंऔर कम से कम 10 मिनट बँधे रहने दें। समावेशी शिक्षा के उद्देश्योंपर चर्चा ुरू कर दें।

बीच–बीच मेंउन्हें कुछ सामान एक दूसरे को देने को कहें तथा स्थान परिवर्तन कराएँ।

10 मिनट पश्चात् उनके हाथ, पैर व आँखों में बँधी पट्टियों व लकड़ी के डंडों को खोल दें।

चर्चा के बिन्दुः–

(1) आपने पिछले 10 मिनट मेंकैसा महसूस किया?

संभावित उत्तर.....

(2) आपको सामग्री को यहाँ से वहाँ लाने, ले जाने मेंकिस तरह की कठिनाइयोंका सामना करना पड़ा?

संभावित उत्तर.....

(3) क्या आप इसी तरह के दूसरे खेल (गतिविधि) मेंभाग लेना चाहेंगे?

संभावित उत्तर.....

(4) अगर आपका हाथ, पैर या आँख न हो तो कैसा लगेगा?

संभावित उत्तर.....

(5) जो बच्चे निःशक्त होते हैंउन्हें किस तरह अपनी दिनचर्या गुजारनी पड़ती होगी?

संभावित उत्तर.....

(6) आपका व्यवहार निःशक्त बच्चोंके साथ कैसा होता है?

संभावित उत्तर.....

(7) क्या आपकी जरूरतेंऔर निःशक्त बच्चोंकी जरूरतें जीवनयापन करने के लिए भिन्न है?

संभावित उत्तर.....

(8) क्या इन बच्चोंको शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है?

संभावित उत्तर.....

आइये, विकलांगता के प्रकारों को जानें:—

1. दृष्टिहीन
2 कम दिखाई देना
3 श्रवण दोष
4 अस्थिबाधित दोष
5 मानसिक विकलाँग
6 बहुविकलाँग

प्रश्नः— क्या इस प्रकार के निःशक्त बच्चे आपके गाँव में है?

संभावित उत्तर..........

प्रश्नः— हमारा व्यवहार इन बच्चों के प्रति कैसा है?

संभावित उत्तर..........

प्रश्नः— क्या ये निःशक्त बच्चे स्कूल में पढ़ने के लिए जाते हैं?

संभावित उत्तर..........

प्रश्नः— क्या उनके कार्य—व्यवहार तथा उनकी आवश्यकता को आपने महसूस किया हैं?

संभावित उत्तर..........

सफलता की कहानी

(1) सुधा चंद्रन एक प्रसिद्ध नृत्यांगना एवं अभिनेत्री है। उनका एक पैर दुर्घटना के कारण काटा जा चुका था, लेकिन नकली पैर लगाकर सुधा ने अपनी कमजोरी को शक्ति बनाया और एक अच्छी अभिनेत्री के रूप में उभर कर दुनिया के सामने आई।

(2) जांजगीर—चाँपा जिले के ग्राम बलौदा की रहने वाली अंजनी पटेल एक कुशल तैराक है। उनका चयन दिल्ली कॉमन वेल्थ गेम्स के लिए हुआ है। अंजनी पटेल पैरालिंपिक कॉमन वेल्थ में 50 मीटर और 100 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी (इवेंट) में भाग ली।

(3) ज्योति चंद्राकर नेत्रहीन है, जो बागबहरा ब्लॉक के घुंचापाली में शिक्षिका के रूप में पदस्थ है और कुशलतापूर्वक अध्यापन कार्य कर रही है।

(4) जिला दुर्ग, विकासखण्ड बालोद के ग्राम—मेड़की के बसन्त हिरवानी के दोनों हाथ नहीं हैं। वे पढ़ाई में सामान्य से अच्छे थे। पैरों से लिखने के बावजूद वे वर्ष 1980—81 की सुलेख प्रतियोगिता में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम रहे। उन्हें राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वर्तमान में बसंत हिरवानी तहसील कार्यालय बालोद में क्लर्क हैं।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए :—

(1) समुदाय क्या सहयोग कर सकता है?

संभावित उत्तर..........

(2) शाला विकास एवं प्रबंधन समिति कैसे सहयोग कर सकती है?

संभावित उत्तर.....

(3) स्वयं सेवी संस्थाएँ क्या कर सकती है?

संभावित उत्तर.....

(4) आँगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य स्थानीय अधिकारी क्या कर सकते है?

संभावित उत्तर.....

(5) शिक्षक उनकी मदद कैसे कर पायेंगे?

संभावित उत्तर.....

(6) ग्राम पंचायत इन बच्चों के लिए क्या कर सकती है?

संभावित उत्तर.....

सर्व शिक्षा अभियान द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ:–

:– विकलांग छात्रवृत्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क चिकित्सा, यात्रा–भाड़ में छूट, निःशुल्क कृत्रिम उपकरण, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सुरक्षित स्थान, मूक बधिर व दृ ि टहीनों को परीक्षा ुल्क में छूट, नेत्रहीनों को सहायक की सुविधा, सेवा आयु में एवं 6 प्रतिशत आरक्षित स्थान।

केन्द्रीय ासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ:–

दृ ि टहीन व अस्थि बाधितों को यात्राा के समय सहायक के साथ रेल किराया में छूट, विश्व विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा ोध कार्यों के लिए छात्रवृत्ति एवं आरक्षण, ासकीय सेवाओं में आरक्षण, दृ ि टहीनों के उपयोगी साहित्य की दरों में छूट, नेत्रहीनों को घरेलू उड़ान व समुद्री यात्रा में विशे ा छूट।

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से अपने गाँव की माईक्रोप्लानिंग फाईल पढ़कर निम्न कार्य योजना बनाने को कहेंगे:–

कार्य योजना

क्र.	विशे ा आवश्यकता वाले बच्चों के नाम	ाला न आने के कारण	ाला लाने हेतु योजना	जिम्मेदारी	कब तक
1.	.....	.....	.....	.....	.....
2	.....	.....	.....	.....	.....
3	.....	.....	.....	.....	.....
4	.....	.....	.....	.....	.....
5	.....	.....	.....	.....	.....

नि कर्ष–

विशे ा आवश्यकता वाले बच्चे हमारे समुदाय के महत्वपूर्ण अंग है। इनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का दायित्व भी सरपंच, ाला विकास एवं प्रबन्धन समिति, कक्षा मूल्यँाकन समिति, पालक एवं शिक्षक का है।

अनुदान राशियों की जानकारी

उददेश्यः—

1) शैक्षिक विकास के लिये ाासन से प्राप्त होने वाली राशियों के संबंध में जानकारी देना।
2) राशि के सही उपयोग के वि ाय में जानकारी देना।
3) विभिन्न ैक्षिक योजनाओं की जानकारी देना।
4) योजनाओं के क्रियान्वयन में समुदाय की भूमिका सुनिश्चित करना।

आवश्यक सामग्रीः—

व्हाइट बोर्ड, मार्कर, डस्टर, अनुदान राशियों की जानकारी देने वाला चार्ट।

विधिः— प्रश्नोत्तर एवं चर्चा विधि।

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से प्रश्न करें—

1) क्या आपको मालूम है कि ाासन के द्वारा विद्यालय के विकास के लिये राशि प्रदान की जाती है?
संभावित उत्तर.....

2) क्या आपको मालूम है कि विद्यालय के विकास के लिए ाासन द्वारा कितनी राशि प्रदान की जाती है?
संभावित उत्तर.....

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से उत्तर प्राप्त करते हुए ाासन द्वारा ैक्षिक मदों में दी जाने वाली अनुदान राशियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दें।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्राप्त होने वाली राशियाँ

क्र	उद्देश्य	राशि
1)	प्रत्येक बसाहट / बस्ती के लिए 1 कि.मी. के भीतर नवीन प्राथमिक ाला भवन निर्माण हेतु।	4.17 लाख रूपये
2)	प्रत्येक 3 कि.मी. या दो प्राथमिक ालाओं के बीच में पूर्व माध्य. ाला भवन निर्माण हेतु।	4.35 लाख रूपये
3)	बच्चों की संख्या के अनुपात में अतिरिक्त कक्षा निर्माण हेतु।	2.00 लाख रूपये
4)	जिन विद्यालयों में ौचालय सुविधा उपलब्ध नहीं है वहाँ उस सुविधा को सुनिश्चित करने हेतु।	
	एक यूनिट के लिए	20 हजार रूपये
	दो यूनिट के लिए	40 हजार रूपये
5)	शिक्षण अधिगम उपकरण क्रय हेतु। (सिर्फ एक बार)	
	नवीन प्राथमिक विद्यालय	10 हजार रूपये
	नवीन पूर्व माध्य. विद्यालय	50 हजार रूपये
6)	ाला मरम्मत एवं अनुरक्षण अनुदान (नव निर्मित भवन वाले विद्यालय को यह राशि 3 व ा के बाद ही स्वीकृत की जाती है)।	7.5 हजार रूपये

7)	ाला अनुदान।	
	प्राथमिक ाला हेतु	5 हजार रूपये
	पूर्व माध्य. विद्यालय हेतु	7 हजार रूपये
	(व ार्मेएक बार)	
8)	शिक्षक अनुदान।	500 रूपये
	विद्यालय मेंसहायक शिक्षण सामग्री निर्माण कर अध्यापन को प्रभावी बनाने हेतु कार्यरत प्रति शिक्षक को प्रतिव ार्ष दी जाने वाली राशि।	
9)	किचन ेड निर्माण।	60 हजार रूपये
10)	आवश्यकता वाले विद्यालयों मेंचरणबद्ध तरीके से पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी (पी.एच.ई) विभाग के माध्यम से।	पेय जल व्यवस्था
11)	विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंके लिए प्रति बच्चे प्रतिव ार्ष जिला परियोजना कार्यालय के माध्यम से व्यय की जाने वाली राशि। (इसका उपयोग विशे ा आवश्यकता वाले बच्चोंके सर्वेक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, उपकरण क्रय, शिक्षक प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा जैसे अन्य मदों मेंव्यय किया जाता है)	1250 रूपये
12)	रैम्प निर्माण	5 हजार रूपये

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से प्रश्न करें

1) इन राशियोंका उपयोग आपके गाँव के विद्यालय मेंकिस प्रकार किया जाता है?

संभावित उत्तर.....

2) सभी राशियों का उपयोग निर्धारित कार्य के लिए होता है या नहीं?

संभावित उत्तर.....

3) क्या इन राशियों के उपयोग हेतु आप शिक्षक को परामर्श देते हैं?

संभावित उत्तर.....

4) क्या प्रत्येक मासिक बैठक मेंइन राशियोंके आय–व्यय की समीक्षा की जाती है?

संभावित उत्तर.....

5) क्या आपको पता है कि आपके स्कूल मेंकिन–किन चीजोंकी आवश्यकता है?

संभावित उत्तर.....

6) क्या आवश्यकता के अनुसार अनुदान राशि खर्च करने मेंआप शिक्षक की मदद करते हैं?

संभावित उत्तर.....

अनुदान राशियों के उपयोग हेतु कार्ययोजनाः–

1. ाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित कर प्राप्त अनुदान राशियों की जानकारी देना।
2. ाला की आवश्यकताओं की प्राथमिकता के अनुसार खर्च करने की अनुमति प्राप्त करना।
3. 5 हजार रूपये से अधिक मूल्य की सामग्री खरीदने पर एक से अधिक फर्म से मूल्य सूची लेते हैं।
4. न्यूनतम मूल्य सूची के फर्म को सामग्री प्रदाय हेतु प्रस्ताव किया जाता है।
5. सामग्री प्राप्त होने के पश्चात् भौतिक सत्यापन कर राशि का भुगतान किया जाता है।

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से माईक्रोप्लानिंग फाईल देखकर ाला के आवश्यकता अनुसार अनुदान राशियों के खर्च की कार्य योजना बनाने को कहेंगे।

कार्य योजना

क्र.	मद	आवश्यकताएँ	राशि	अधिकृत व्यक्ति
1.	.....	.....	.....	.....
2	.....	.....	.....	.....
3	.....	.....	.....	.....
4.	.....	.....	.....	.....
5	.....	.....	.....	.....

नोट:– सरपंच को ाला विकास एवं प्रबंधन समिति, कक्षा मूल्यांकन समिति और समुदाय के साथ मिलकर अनुदान राशि के उचित उपयोग हेतु कार्ययोजना का निर्माण करना होगा एवं समय–समय पर सामाजिक अंकेक्षण हो यह सुनिश्चित करना होगा।

ाला विकास एवं प्रबंधन समिति, कक्षा मूल्यांकन समिति का गठन और कार्य

उद्देश्यः—

(1) ाला विकास एवं प्रबंधन समिति, कक्षा मूल्यांकन समिति के गठन एवं उनके कार्यों की जानकारी देना।

(2) ाला के संचालन एवं प्रबंधन में सहयोग करने हेतु प्रेरित करना।

(3) ाला की ैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाना एवं सतत् मॉनीटरिंग करना।

(4) बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

आवश्यक सामग्रीः— 6 ड्राईंग ीट, 12 स्कैच पेन, मार्कर, व्हाईट बोर्ड आदि।

वातावरण निर्माणः— मानव श्रृंखला खेल—

सभी प्रतिभागियों को 8—8 के समूह में बाँटेंगे। 6 व्यक्तियों को एक—दूसरे का हाथ पकड़ेंगे। उसके पश्चात् सभी लोगों को हाथ छोड़े बिना गुत्थमगुत्थी होने को कहेंगे।

अन्य दो व्यक्ति कलेक्टर और नेता बनकर गुत्थी को सुलझाने के लिए बाहर से परामर्श देंगे।

लेकिन कोई भी व्यक्ति उनकी बातों की ओर ध्यान नहीं देंगे और आपसी सलाह विमर्श कर एवं योजना बनाकर अपनी गुत्थी स्वयं सुलझायेंगे।

प्रशिक्षक खेल के दौरान यह देखेंगे कि किस समूह ने पूरी योजना बनाकर, आपसी सलाह विमर्श से एवं नेतृत्व करके गुत्थी सुलझाई।

टीपः— पूरे खेल के दौरान कोई भी व्यक्ति अपनी श्रृंखला नहीं तोड़ेंगे।

खेल के पश्चात् प्रशिक्षक प्रतिभागियों से पूछें कि इस खेल से उन्होंने क्या सीखा।

गतिविधिः— प्रशिक्षक प्रतिभागियों को नीचे लिखे चार्ट का उपयोग करते हुए उनके गठन, कार्यकाल, बैठक, कार्य एवं समिति गठन करने हेतु विभिन्न ार्तों की जानकारी सविस्तार देंगे।

ति का	पदाधिकारी	समिति संख्या	कार्यकाल	बैठक	कार्य	समिति निर्माण की ॉर्तें
ार मूल्यांकन णवत्ता विकास ी, कक्षा समिति	अध्यक्ष–पालक सदस्य सचिव–कक्षा शिक्षक सदस्य–पालक सदस्य सदस्य–पालक सदस्य	प्रा.शा. में 05 कक्षा पहली का का सितम्बर तक ो ा जुलाई में मा.शा. में 03 6वीं सितम्बर तक ो ा जुलाई में	1व ा	प्रत्येक माह कुल 10	1. बच्चों का ात–प्रतिशत् नामां–कन। 2. नियमित उपस्थिति व ठहराव। 3. ैक्षिक समस्याओं का चिन्हांकन एवं विश्ले ाण। 4. ैक्षिक गतिविधियों में सहयोग व निगरानी। 5. मूल्यांकन कार्यों में सहयोग। 6. ैक्षिक समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान। 7. बच्चों के ैक्षिक स्तरों की समीक्षा। 8. स्तर सुधार हेतु कार्य योजना निर्माण व क्रियान्वयन में सहयोग। 9. ैक्षिक गतिविधियों एवं अन्य कार्यों में सहयोग। 10. ैक्षिक योजनाओं का प्रचार–प्रसार।	1. प्रत्येक कक्षा के लिए अलग–अ 2. बच्चों के स्तरानुसार ए.बी. सी. प्रत्येक वर्ग के एक बच्चे के पालक सदस्य के रूप में मनोनीत किया 3. कक्षा में 20 से कम बच्चे होने प 3 पालक सदस्य हों। 4. इनका मनोनयन सरपंच / अध्य पाठक मिलकर करें। 5. मनोनीत सदस्यों में आधी संख्य की होगी। 6. कक्षा में एस.सी., एस.टी. या अ समुदाय के बच्चे होने पर उनके मनोनयन अनिवार्य होगा। 7. कक्षा समिति हर व ा बदली ज

ा प्रबंधन एवं िकास समिति ुख समिति	अध्यक्ष–अध्यक्ष/सरपंच/ प्रति ठित व्यक्ति। सचिव– प्रधान पाठक को ाध्यक्ष–वरि ठ शिक्षक सदस्य–पा द/पंच सदस्य–पा द/पंच सदस्य–1ली –अध्यक्ष सदस्य–2री –अध्यक्ष सदस्य–3री –अध्यक्ष सदस्य–4थी –अध्यक्ष सदस्य–5वी –अध्यक्ष सदस्य–युवा/युवती सदस्य–युवा/युवती सदस्य–युवा/युवती	01	03व ा	सत्र के प्रारंभ में और प्रत्येक 3माह में कुल 4 बार। आवश्यकता पड़ने पर और भी बुलाई जा सकती है।	बच्चों का ात–प्रतिशत् नामांकन डोर–टू–डोर सर्वे में सहयोग नियमित उपस्थिति एवं ठहराव में सहयोग। ालेय उपलब्धियों एवं समस्याओं के चिन्हांकन करने व स्थानीय स्तर पर हल करने में सहयोग। ालेय प्रबंधन व ैक्षिक कार्यों में सहयोग। निर्माण कार्यों में सहयोग एवं निगरानी। कार्ययोजना निर्माण व क्रियान्वयन में सहयोग। ैक्षिक योजनाओं का प्रचार–प्रसार शिक्षकों की अनुपस्थिति में ाला संचालन की व्यवस्था। मध्यान्ह भोजन का सुचारू रूप से संचालन व्यवस्था। ाला भवन, ौचालय, पेयजल की व्यवस्था करने में सहयोग।	ग्राम पंचायत में एक ही स्कूल होने अथवा कोई प्रति ठित व्यक्ति इस अध्यक्ष होंगे। सरपंच की सहमति सदस्य अध्यक्ष का चयन करेंगे। ग्राम पंचायत में एक से अधिक स् पर सरपंच समिति के अध्यक्ष होंगे पंचायत के अन्य गाँव/मजरा अ में स्थित स्कूलों के समितियों में स अध्यक्ष होंगे, जिनका मनोनयन स किया जायेगा। स्कूल स्थित गाँव/मजरा/टोला सरपंच/पंच न होने की स्थिति में द्वारा मनोनीत नजदीक के गाँव/म के पंच समिति के अध्यक्ष होंगे। नगरीय निकायों/शहरी निकायों में स्थानीय पा द/प्रति ठित व्य होंगे। पा द की सहमति से समिति अध्यक्ष का चयन करेंगे। प्रधान पाठक पदेन सचिव होंगे। को ाध्यक्ष–समिति के सचिव द्वारा ाला का वरि शिक्षक होगा। अन्य सदस्य– गाँव/मजरा/टोल

				अनुदान राशियों के उचित उपयोग हेतु सलाह एवं व्यय मेंसहयोग। समुदाय के बीच ग्राम सभा मैं सामाजिक अंकेक्षण मेंसहयोग। शिक्षकोंकी ाला संचालन में अनियमितता अनुपस्थिति पर निगरानी। शिक्षकोंके वेतन भुगतान पत्र मेंहस्ताक्षर। शिक्षकोंकेअवकाश आवेदन पत्र काअग्र ाप। प्रत्येक व िके ुरू मेंसत्रांत तक प्राप्त की जानी वाली गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम का विज़न तैयार करना। प्रत्येक सप्ताह शिक्षकोंको 45 घण्टे कार्य करने को सुनिश्चित करना। प्राथमिक ाला मेंबच्चोंके लिए प्रतिव ि200 दिन अथवा 800 घण्टे एवं उच्च प्राथमिक ाला के के लिए 220 दिन अथवा 1000 घण्टे ैक्षिक अवधि सुनिश्चित करना।	निर्वाचित पंचोंमें से अधिकतम सभी कक्षा समितियोंके अध्यक्ष भी पदेन सदस्य होंगे। संबंधित गाँव / मजरा / टोला के अ.ज.जा., अ.जा. तथा अल्प संख्य के बच्चे पढ़ते हैं तो इन समुदायों कम एक–एक सदस्य अवश्य हों समुदायों के लोगोंका प्रतिनिधित्व हो तो पुनः लेने की आवश्यकता ैक्षिक गतिविधियोंमेंरूचि रखने मनोनीत युवा (अधिकतम आयु सीम जिनमेंकम से कम एक युवती क अनिवार्य होगा, समिति के सदस्य समिति मेंसदस्योंकी संख्या में5 महिलाएँ होंगी।

मध्यान्ह भोजन

उद्देश्यः–

1– मध्यान्ह भोजन संचालित करने के उद्देश्यों की जानकारी देना।

2– मध्यान्ह भोजन में पौि टक भोजन देने हेतु सरपंचों को संवेदनशील करना।

3– मध्यान्ह भोजन द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले संस्कारों की जानकारी देना।

4– मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना।

5– मध्यान्ह भोजन से मिलने वाले लाभों की जानकारी देना।

आवश्यक सामग्रीः– ब्लैक बोर्ड, चॉक, व्हाइट बोर्ड, मार्कर, ड्राईंग ीट

विधिः– चर्चा एवं प्रश्नोत्तर विधि।

चर्चा के बिन्दुः–

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से निम्नलिखित प्रश्न पूछेंगेः–

प्रश्नः– क्या आपको पता है कि विद्यालय में मध्यान्ह भोजन क्यों दिया जाता है?

संभावित उत्तर–

(1) 6–14 आयु वर्ग के बच्चों का ात्– प्रतिशत् नामांकन

(2) ाला में दर्ज बच्चों की नियमित उपस्थिति।

(3) ाला समय तक बच्चों का ठहराव।

(4) ारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए गुणवत्तायुक्त पौि टक आहार।

(5) गरीब परिवार के लिए सहयोग।

(6) सभी बच्चों में समानता का भाव जागृत करना।

(7) बच्चों को घर जैसा वातावरण प्रदान करना।

प्रश्नः– क्या भोजन मीनू के अनुसार बनता है?

संभावित उत्तर...

प्रश्नः– मध्यान्ह भोजन में क्या–क्या देते हैं?

संभावित उत्तर...

प्रश्नः– प्रत्येक बच्चे को कितना चावल मिलता है?

संभावित उत्तर...

प्रश्नः– सब्जी के लिए कितने रूपये निर्धारित हैं?

संभावित उत्तर...

आइए इनके बारे में और अधिक जानकारी लें–

खाद्यान्न मानक–

खाद्य पदार्थ	**खाद्यान्न मानक (प्रति छात्र, प्रतिदिन निर्धारित मात्रा)**	
	प्राथमिक	**उच्च प्राथमिक**
अनाज (चॉवल)	100 ग्राम	150 ग्राम
दाल	20 ग्राम	30 ग्राम
सब्जी (पत्तीदार सहित)	50 ग्राम	75 ग्राम
तेल तथा घी	05 ग्राम	07.5 ग्राम
नमक तथा मसालें	आवश्यकतानुसार	आवश्यकतानुसार
सब्जी एवं मसालें हेतु	03.30 रूपया	04.00 रूपया

पो□क तत्व–

पो ाक तत्व	प्रथमिक	उच्च प्रथमिक
कैलोरी	450	700
प्रोटीन	12	20

सूक्ष्म पो ाक तत्व, आयरन, फालिक एसिड, विटामिन ए व आयोडीन आवश्यकतानुसार

प्रश्नः– क्या रसोईया द्वारा पर्याप्त भोजन बनाया जाता है?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– क्या बच्चे मध्यान्ह भोजन करने से पहले साबुन से हाथ व थाली धोते हैं?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– क्या बच्चे भोजन करने पंक्ति में बैठते हैं?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– क्या रसोई का कमरा साफ–सुथरा होता है?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– क्या शिक्षक प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन चखकर देखते हैं?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– क्या रसोईया बच्चों को प्रेमपूर्वक भोजन कराता है?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– आपके गाँव में मध्यान्ह भोजन का अवलोकन कौन–कौन करते है?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– क्या आपने कभी मध्यान्ह भोजन खाकर देखा है ?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– मध्यान्ह भोजन को और अधिक गुणवत्तायुक्त बनाने के लिए क्या–क्या किया जा सकता है?

संभावित उत्तर.....

प्रश्नः– आपके गाँव में मध्यान्ह भोजन को और अधिक गुणवत्तायुक्त बनाने के लिए समुदाय द्वारा कौन–कौन से कार्य किये जाते हैं?

संभावित उत्तर.....

आइये एक कहानी सुनें

सफलता की कहानी

–: एक मुट्ठी चावल का कमाल :–

धमतरी जिले में एक गाँव है मैनपुर। यहाँ के प्रत्येक परिवार की महिलाएँ रात्रि में भोजन बनाने के पूर्व एक मुट्ठी चावल निकालकर एक मटका में डालती जाती हैं। जब मटका भर जाता है तो उस चावल को विद्यालय में दान कर देते हैं। प्रत्येक परिवार से एकत्र किए गए चावल से बच्चों को पर्याप्त भोजन दिया जाता है। विद्यालय में आने वाले अतिथियों के लिए भी भोजन की व्यवस्था की जाती है। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा ाला परिसर के पीछे जमीन के कुछ हिस्से को घेरकर बाड़ी बनाया गया है। बाड़ी में समुदाय द्वारा साग–सब्जियाँ उगाई जाती हैं जिससे बच्चों के लिए ताजी सब्जियाँ व सलाद भी उपलब्ध हो जाता है। इस प्रकार बच्चों को ताजा और पौ ि टक भोजन मिलता है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए लाभदायी है।

इसी प्रकार सरगुजा जिले में भी एक गाँव है, गाँगीकोट (खास)। यहाँ मध्यान्ह भोजन के लिए समुदाय द्वारा हरी सब्जियों का इंतजाम किया जाता है। साथ ही समुदाय के द्वारा त्यौहार विशे ा पर खाना पकाकर खिलाया जाता है। जिसके कारण वहाँ आज तक मध्यान्ह भोजन एक दिन भी बंद नहीं हुआ।

अब प्रशिक्षक प्रतिभागियों से पूछेंगेः–

प्रश्नः– क्या ऐसा कार्य आपके गाँव में हुआ है?

यदि नहीं तो,

क्या ऐसा कार्य किया जा सकता है?

संभावित उत्तरः– .....

यदि हाँ तो मध्यान्ह भोजन की सफल संचालन में निम्नलिखित की क्या –क्या भूमिकाएँ होंगी–

छात्र	शिक्षक	सरपंच	समुदाय	अन्य

प्रश्नः– आपके गाँव के विद्यालय में बच्चों की दर्ज संख्या 200 है तथा आज की उपस्थिति 175 है तो मध्यान्ह भोजन में चावल, दाल एवं सब्जी कितनी मात्रा में पकेगी?

उत्तरः– .....

प्रश्नः– अपने गाँव के स्कूल के लिए मध्यान्ह भोजन हेतु साप्ताहिक मीनू तैयार करें।

उत्तरः– .....

प्रशिक्षक प्रतिभागियों से अपने गाँव के स्कूल में गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन के संचालन में आने वाली समस्याओं का चिन्हांकन कर उनके निदान के लिए कार्ययोजना तैयार करवाएँ।

कार्ययोजना

क्र.	समस्याएँ	समाधान	क्रियान्वयन	निगरानी
1.	.....	.....	.....	.....
2.	.....	.....	.....	.....
3.	.....	.....	.....	.....
4.	.....	.....	.....	.....
5.	.....	.....	.....	.....
6.	.....	.....	.....	.....
7.	.....	.....	.....	.....

निष्कर्षः–

बच्चों को गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने में सरपंच एवं समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है।

अतः सरपंच एवं समुदाय की जवाबदारी है कि मध्यान्ह भोजन प्रतिदिन मीनू के अनुसार और गुणवत्तायुक्त होनी चाहिए। जिससे बच्चों को पर्याप्त पो ाक तत्व प्राप्त हो सके।

गाँव के प्रत्येक बच्चे अपने बच्चे हैं।
इन्हें शिक्षित करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है।

निर्माण कार्य में ाला विकास एवं प्रबंधन समिति की भूमिका

उद्देश्यः—

(1) निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराना।

(2) निर्माण प्रक्रिया में प्रयोग किये जाने वाले प्रपत्रों की जानकारी से अवगत कराना।

(3) निर्माण कार्य के लिए कार्य योजना बना पाने की क्षमता विकसित करना।

आवश्यक समाग्रीः— ड्राईंग ीट, स्केच पेन, स्केल पट्टी, रस्सी, चूना, सुई—धागा।

गतिविधिः— कुर्सी दौड़, छोटी सुई में धागा डालना।

निर्देशः— उक्त खेलों को कमरों मे न कराया जाए तथा खेलों के उपरांत कमरों के पंखों को कुछ समय तक बंद रखा जाए।

परिचर्चाः— कमरों मे बैठने के उपरांत प्रतिभागियों से पूछें कि—

1. यह खेल आपको कैसा लगा?
2. खेलने का स्थान एवं समय कैसा था?
3. कमरे में आने के बाद किस चीज की आवश्यकता सबसे ज्यादा महसूस हुई और क्यों?
4. क्या आप यह चर्चा धूप या बरसात में बैठकर करना चाहेंगे?

सफलता की कहानी

बात सरगुजा जिले के प्रतापपुर विकासखण्ड के गोंदा ग्राम पंचायत के पूर्व माध्य.शाला की है। व र्ा 2008—09 में स्कूल के छात्रों की उपस्थिति 30—40 प्रतिशत थी। समुदाय एवं एस.डी.एम.सी. के सदस्यों की सामूहिक बैठक में निर्माणाधीन स्कूल भवन में बालू पाटकर एवं गोबर लीपकर बच्चों को पढ़ाने का निर्णय लिया गया। पाँच से सात दिनों के भीतर छात्रों की दैनिक उपस्थिति त—प्रतिशत् हो गई। समुदाय के सहयोग से बाँस का बाउण्ड्रीवाल बनाकर वृक्षारोपण किया गया।

सफलता की कहानी सुनाने के बाद प्रशिक्षक निर्माण कार्यो से संबंधित निम्नांकित जानकारी दें—

निर्माण कार्य समिति का गठन—

अध्यक्ष— ाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष।

सचिव— संबंधित संस्था का प्रधान पाठक अथवा प्रभारी प्रधान पाठक।

को ाध्यक्ष— संस्था का कोई एक शिक्षक।

सदस्य— ाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी सदस्य।

निर्माण कार्य समिति द्वारा निर्माण कार्यो का विवरण तथा समयावधि—

1. प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण / पुनः निर्माण — अधिकतम 6 माह
2. उच्च प्राथ. विद्या. भवन का निर्माण / पुनः निर्माण—
3. ौचालय / मूत्रालय का निर्माण—
4. अतिरिक्त कक्ष का निर्माण—
5. पेयजल हेतु नलकूप का खनन—

6. किचन ेड का निर्माण–
7. विद्युतीकरण की व्यवस्था–
8. ाला परिसर मेंअहाते का निर्माण–
9. ैम्प का निर्माण–
10. विद्यालय भवन का मरम्मत कार्य–

निर्माण कार्य समिति द्वारा किये जाने वाले कार्यों के प्रति कर्तव्य एवं जिम्मेदारियाँ–

1. निर्माण कार्य समिति के द्वारा बैठक बुलाकर समस्त सदस्यों को स्वीकृत कार्यों की जानकारी देना।
2. सर्वसम्मति से समिति के द्वारा ऐसे ासकीय भूमि का चयन किया जाए जो किसी भी प्रकार से विवादित न हो।
3. प्रस्तावित निर्माण कार्य हेतु निर्विवाद भूमि का प्रस्ताव, खसरा, नक्शा, बी–1 तथा 50रू. के स्टाम्प पेपर में निर्माण समिति (एजेन्सी) के अध्यक्ष, सचिव व को ाध्यक्ष का हस्ताक्षरयुक्त अनुबंध पत्र बी.आर.सी. के माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए।
4. जिला शिक्षा समिति एवं जिला परियोजना समिति की स्वीकृति के बाद जिला परियोजना कार्यलय के द्वारा इस आशय का एक पत्र संबंधित निर्माण समिति को दिया जावे। कार्य की स्वीकृति पश्चात उपअभियंता के द्वारा ले–आउट करा कर कार्य प्रारंभ किया जाए।
5. निर्माण हेतु धन राशि रा ट्रीयकृत बैंक या जिला परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित बैंक में रखी जायेगी।
6. बैंक खाता का संचालन समिति के सचिव व को ाध्यक्ष के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।
7. निर्माण समिति यदि चाहे तो समुदाय से अतिरिक्त राशि जुटाकर स्वीकृत राशि से अधिक व्यय कर निर्माण कार्य करा सकती है। किन्तु अधिक व्यय होने की स्थिति में पूर्ण पारदर्शिता बरती जावे।
8. समय–समय पर उपअभियंता निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता व सदुपयोग के बारे में जानकारी देंगे।
9. आवश्यकतानुसार निर्माण कार्यों की देख–रेख सरपंच, पंच, समिति के सदस्य एवं पालकों के द्वारा किया जाये।
10. समिति एवं पालकों के द्वारा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता नहीं होने पर निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सलाह दी जाये।
11. निर्माण एजेंसी के द्वारा सलाह देने के बाद भी कार्य में सुधार नहीं होने पर उसकी सूचना एवं जानकारी उच्च कार्यालय को दी जाये।
12. कार्य प्रगति का मूल्यांकन उपअभियंता द्वारा किये जाने के पश्चात् अलग–अलग किश्तों में राशि जारी की जा सकेगी।
13. व्यय की गई राशि का बिल व्हाउचर तथा रसीदों का संकलन सचिव, को ाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा।
14. निर्माण समिति के सचिव व को ाध्यक्ष के द्वारा स्टॉक रजिस्टर और कैशबुक का संधारण किया जायेगा।

निर्माण कार्यों से संबंधित प्रमाण पत्रों की सूची–

1. भूमि चयन प्रमाण पत्र।
2. अनुबन्ध पत्र।
3. आवेदन पत्र।
4. उपयोगिता प्रमाण पत्र।
5. पंजी संधारण।

भूमि चयन प्रमाण पत्र का प्रारूप

प्रमाणित किया जाता है कि प्राथ. विद्या./उच्च.प्राथ. विद्या..... के निर्माण हेतु भूमि ग्राम पंचायत.....ग्राम..... पारा.....विकास खण्ड. .....जिला.....(छ.ग.) जिसका ख.नं. .....रकबा..... है। ाला विकास एवं प्रबंधन समिति.....द्वारा चयन किया गया है। भूमि विद्यालय संचालन एवं भवन निर्माण के लिए उपयुक्त एवं पर्याप्त है, उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है, यदि भवि य में इस भूमि पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी ाला विकास एवं प्रबंधन समिति की होगी।

अध्यक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

सचिव/को ाध्यक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

संस्तुति———

मेरे द्वारा दिनांक .....को उपरोक्त स्थल का निरीक्षण किया गया जो कि विद्यालय भवन निर्माण हेतु उपयुक्त/पर्याप्त है।

वि. ख. स्त्रोत समन्वयक	उप अभियंता	मुख्य अभियंता	वि.ख.शि.अधिकारी
वि.ख.....	वि.ख.	वि. ख.	वि.ख. .....

अनुबंध पत्र

सेवा में

जिला परियोजना समन्वयक

सर्वशिक्षा अभियान

जिला................................

हम ाला विकास एवं प्रबंधन समिति ....ग्राम पंचायत..................वि. ख. ....
जनपद. ....के अध्यक्ष...पुत्र श्री...
निवासी...................................एवं सदस्य सचिव...पुत्र श्री...निवासी..(छ.ग), सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत. ....का निर्माण कार्य किये जाने हेतु निम्न इकरारनामा प्रस्तुत करते है–

1. यह कि निर्माण कार्य स्वीकृत धन राशि के अन्तर्गत जिला / राज्य परियोजना कार्यालय के द्वारा निर्धारित नियमों एवं र्तों के अधीन कार्य ुरू होने की तिथि............................... से ....माह के अंदर पूर्ण करेंगे।
2 यह कि परियोजना द्वारा दी गई धन राशि का व्यय उपर्युक्त निर्माण कार्य का सम्पादन करने के लिए पूर्ण उत्तरदायी होंगे एवं राशि का उपयोग उक्त निर्माण कार्य के अतिरिक्त किसी भी कार्य में नही करेंगे।
3. यह कि इस निर्माण कार्य का क्रियान्वयन राज्य परियोजना कार्यालय छ.ग. द्वारा निर्धारित मार्ग निर्देशिका में निहित मानकों एवं विशि टयाँ एवं तकनीकी निर्देशों के अनुसार करने के लिए पूर्ण उत्तरदायी होंगे।
4. यह कि हम जिला परियोजना कार्यालय द्वारा दी गई धन राशि का रख–रखाव अपने संयुक्त बैंक खाता संख्या.......................... बैंक..शाखा..में करेंगे तथा उक्त निर्माण कार्य का आज से संपन्न होने तक इस कार्य का लेखा–जोखा नियमित रूप से निर्धारित पत्र पर एक पंजी मे रखने के लिए उत्तरदायी होंगे।
5. यह कि उक्त निर्माण कार्य में त्रुटि यदि कोई हो, का निराकरण ाला विकास एवं प्रबंधन समिति को अपने संसाधन से करना होगा, इसके लिए परियोजना से कोई अतिरिक्त धन की मांग नही की जायेगी।
6. यह कि भूमि का खसरा नं..................रकबा................जो कि निजी / ग्राम समाज / अन्य की है ाला भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित की गई है पर किसी भी प्रकार का विवाद नही है। भूमि स्थानांतरण की कार्यवाही एस.डी.एम.सी. द्वारा की जायेगी।
7. निर्माण कार्य संबंधी सभी विवादों (भूमि संबंधी एवं अन्य) की सम्पूर्ण जिम्मेदारी एस.डी.एम.सी. की होगी।
8. निर्माण कार्य निर्देशिका में दी गई समय–सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जायेगा। यदि समय–सीमा के भीतर निर्माण नहीं कराया जाता है तो परियोजना कार्यालय द्वारा जो विलंब ुल्क तय किया जायेगा

वह एस.डी.एम.सी. को मान्य होगा।

9. यह कि भवन निर्माण के सभी मुख्य स्तरों पर जैसे फाउंडेशन, प्लिन्थ बैंड, डोर बैंड एवं छत ढ़लाई कार्य तकनीकी पर्यवेक्षक की उपस्थिति में किया जायेगा। अन्यथा किसी तकनीकी गड़बड़ी की जिम्मेदारी एस.डी.एम.सी. की होगी एवं उसकी क्षति पूर्ति एस.डी.एम.सी. करेगी।

10. उक्त निर्माण कार्य के अंतर्गत हमारे तथा जिला परियोजना कार्यालय.....के बीच किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर इसका निराकरण हेतु जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला शिक्षा परियोजना समिति जनपद.....का निर्णय अंतिम होगा और सभी संबंधित पक्षों को मान्य होगा।

11. परियोजना द्वारा निर्गत निर्देश हमने पढ़ लिए हैं एवं पूर्ण रूप से अवगत हो गए हैं।

सचिव / को ाध्यक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

अधयक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

गवाह–

1. .....
2. .....

(नोटः– यह अनुबंध पत्र 50 रू. के स्टाम्प पेपर पर बनाया जायेगा।)

आवेदन और प्रमाण पत्र

सेवा में,

जिला परियोजना समन्वयक

सर्व शिक्षा अभियान

जिला.....(छ.ग.).

महोदय,

सर्व शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत..... निर्माण कार्य ाला विकास एवं प्रबंधन समिति .....ग्राम पंचायत .....वि. ख. .....जिला..... द्वारा..... स्तर तक पूर्ण कर लिया गया है। ाला विकास एवं प्रबंधन समिति को आपको द्वारा रू. .....खाता संख्या..... बैंक.....में प्राप्त हुए है, जिसमें से एस. डी.एम.सी. को निम्नवत् धनराशि किश्त भुगतान के रूप में हुआ है।

1.

2

3

धन राशि में से.....राशि खर्च हो चुकी है। जिसका विवरण इस प्रकार है–

1. मजदूरी
2. सीमेन्ट
3. सरिया (छड़)
4. अन्य समान

कुल.....

महोदय एस. डी. एम. सी. को .....किश्त भुगतान आदेश करने की कृपा करें।

अध्यक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

सचिव/को ाध्यक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

उपयोगिता प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्वीकृत ..... निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्माण कार्य हेतु निर्धारित धन राशि रू. ..... का नियमानुसार उपयोग कर लिया गया है एवं कार्य तकनीकी विनिर्देश के अनुसार पूर्ण कर लिया गया है।

सचिव/ को ाध्यक्ष वि.खंस्त्रोत समन्वयक वि.खं. शि. अधिकारी उप अभियंता
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति वि.खं..... वि.खं..... वि.खं.....

कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्वीकृत..... .....निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था ाला विकास एवं प्रबंधन समिति ..... द्वारा निर्धारित मानकानुसार दिनांक.....को पूर्ण कर दिया गया है।

सचिव/ को ाध्यक्ष वि.खंस्त्रोत समन्वयक वि.ख. शि. अधि. उप अभियंता
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति वि.खं..... वि.खं..... वि.खं.....

पंजी का निर्माण

I. व्यय विवरण पंजी :–

1. कार्य स्थल – ग्राम –.....
   वि.खण्ड –.....
   जिला –.....
2. कार्य का नाम –.....
3. स्वीकृत राशि –.....
4. कार्य करने हेतु एस.डी.एम.सी./प्रधान पाठक का नाम –.....
5. बैंक खाते का विवरण –.....

बैंक का नाम —...

खाता खोलने की तिथि —...

खाता संख्या —...

6. कार्य प्रारंभ करने की तिथि —..

7. कार्य पूर्ण होने की तिथि —..

8. जिला परियोजना कार्यालय से प्राप्त धन राशियों के जमा / आहरण का विवरण —

क्र.	जमा धनराशि	जमा धनराशि की दिनांक	आहरित धनराशि	आहरित धनराशि की दिनांक	बकाया राशि

अध्यक्ष — ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

सचिव / को ाध्यक्ष — ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

II. निरीक्षण पंजी :—

दिनांक	निर्माण कार्य का विवरण	अध्यक्ष / सचिव के हस्ताक्षर	निरीक्षण कर्ता की टिप्पणी	निरीक्षण कर्ता का पद एवं हस्ताक्षर

III. निर्माण सामग्री का क्रय :—

दिनांक	वाउचर संख्या	निर्माण संबंधी	मात्रा	दर	व्यय	योग

अध्यक्ष — ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

सचिव / को ाध्यक्ष — ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

IV. मजदूरी व्ययः–

दिनांक	कार्यरत मजदूर	दर	दैनिक भुगतान राशि	योग

अध्यक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

सचिव/कोाध्यक्ष
ाला विकास एवं प्रबंधन समिति

'ाला विकास योजना का निर्माण कैसे करें?

निर्देशः–

प्रत्येक प्रतिभागियों को कोरा कागज देकर यह निर्देश देंगे कि अपने–अपने ग्राम की सूक्ष्म नियोजन फाइल में वर्णित समस्याओं को ध्यान रखते हुए, ाला विकास की योजना निर्माण करेंगे। अंत में (10–15 मिनट बाद) प्रशिक्षक कुछ प्रतिभागियों से योजना का वाचन करायेंगे। अब प्रमुख बिन्दुओं को व्हाईट बोर्ड पर लिखेंगे एवं व्हाईट बोर्ड में प्रदर्शित बिन्दुओं के अलावा अन्य कोई बिन्दु प्रतिभागियों के पास है तो उसे आमंत्रित कर लिखेंगे।

इसके बाद प्रशिक्षक द्वारा चार्ट का प्रदर्शन किया जायेगा तथा समस्त कालमों पर चर्चा की जायेगी।

'ाला विकास समिति की कार्ययोजना का प्रारूप

ाला का नाम.....

गांव का नाम..... वि. खण्ड..... जिला ..... (छ.ग.)

क्र.	योजना	गतिविधि	आवश्यक सामग्री	बजट	जिम्मेदारी	कब तक

योजना निर्माण प्रक्रियाः–

आर.टी.ई. के संख्या के अनुरूप शिक्षक, सरपंच और पालकों की बैठक आयोजित करेंगे। बैठक में सभी मिलकर विद्यालय के विकास के लिए आवश्यक संसाधनों पर चर्चा करेंगे। चर्चा में यह ध्यान देंगे कि बच्चों की क्या आवश्यकताएँ हैं। यह बच्चों से पूछा जाये। इसके पश्चात् आवश्यक संसाधनों के प्रकार, लागत मूल्य एवं संख्या निगरानी समिति कार्यवाहक व्यक्ति का निर्धारण करेंगे।

कार्य योजना

प्रशिक्षक अपने गाँव की माइक्रोप्लानिंग फाइल को पढ़कर आवश्यकतानुसार ाला हेतु ाला विकास योजना का निर्माण करें–

क्र	योजना	गतिविधि	आवश्यक सामग्री	बजट	जिम्मेदारी	कब तक
1.	....	....	....	....	....	....
2.	....	....	....	....	....	....
3.	....	....	....	....	....	....
4.	....	....	....	....	....	....
5.	....	....	....	....	....	....

नि□कर्ष:–

ाला भवन के निर्माण, रखरखाव एवं योजना निर्माण में ाला विकास एवं प्रबंधन समिति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि ाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य जागरूक हों, तो ाला भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होगा तथा भवनों का रखरखाव बेहतर होगा।

.........00..........

ग्राम पंचायत एवं शिक्षा का अधिकार

उद्देश्यः–

1:– पंचायत के समस्त प्रतिनिधियों एवं समुदाय के लोगों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम की जानकारी देना।

2:– शिक्षा का अधिकार अधिनियम के उचित क्रियान्वयन हेतु पंचायत की भूमिका से अवगत कराना।

3:– पंचायती राज व्यवस्था में शिक्षा के अधिकार अधिनियम को लागू करते हुए क्रियान्वयन करना।

4:– शिक्षा के अधिकार के अनुरूप स्कूलों में पंचायत एवं समुदाय के माध्यम से ैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना।

5:– पंचायती राज में शिक्षा के अधिकार को लागू करते हूए ात्–प्रतिशत नामांकन करना एवं उनका ठहराव करना।

6– पंचायती राज में शिक्षा के अधिकार को लागू करते हुए शिक्षा में गुणवत्ता लाना

7:– समुदाय के माध्यम से 3–6 एवं 6–14 आयु वर्ग के बच्चे जो अप्रवेशी, ाला त्यागी, अध्ययन त्यागी, निःशक्त है, उन्हें समुदाय के माध्यम से नियमित स्कूल लाना।

8– पंचायती राज एवं शिक्षा के अधिकार को समझाते हुए बच्चों के ैक्षणिक गुणवत्ता विकास के लिए नवीन योजना बनाना।

जैसे– भ्रमण, प्रश्न मंच, कॉपी वितरण।

सामाग्रीः–ड्रईंग ीट, स्केच, चॉक, मार्कर आदि।

प्रहसन

"बाल शिक्षा का अधिकार"

टीपः– प्रशिक्षक स्थानीय भा॥ में प्रतिभागियों के सहयोग से प्रहसन का मंचन करेंगे

पात्र परिचयः–

1) गाँव का शिक्षक
2) सरपंच
3) राकेश –होटल में काम करने वाला 12 व ीय बालक
4) चम्मन –होटल में काम करने वाला 11 व ीय बालक
5) मंगाली–एक गरीब परिवार की भीख माँगने वाली 9 व ीय बालिका
6) बुधवारू–मंगाली का पिता
7) इतवारी–चम्मन का पिता
8) नवलू– राकेश का पिता
9) सन्तू–होटल का मालिक

पहला दृश्य

स्थान– गाँव का होटल

(गाँव के शिक्षक और सरपंच चाय पीने के लिये होटल में बैठे है)

सरपंच: राकेश, जरा पानी तो पिला।

राकेश: जी हाँ, अभी लाया। (पानी लाकर) ये लीजिए।

(सरपंच और शिक्षक पानी पीते है)

सरपंच: अरे चम्मन, दो चाय ले आ।

चम्मन: जी हाँ, ये लीजिए।

(सरपंच और शिक्षक को चम्मन चाय देता है।)

उसी समय एक भिखारी बालिका मंगाली भीख मांगने सरपंच के पास आती है।

मंगाली: कुछ पैसे दे दो बाबूजी, बाबूजी कुछ पैसे दो, भगवान तुम्हारा भला करेगा।

(सरपंच जेब से पैसा निकालता है लेकिन शिक्षक उसे देने से मना करता है।)

शिक्षक: ये क्या कर रहे हैं सरपंच जी?

सरपंच: अरे भई, भीख दे रहा हूँ।

शिक्षक: नहीं सरपंच जी, इस छोटी–सी बालिका को भीख देने से इसकी भीख माँगने की आदत पड़ जायेगी। ये तो अभी लगभग 9 साल की ही है। इसे तो स्कूल में पढ़ना चाहिए।

सरपंच: ठीक है, इसे स्कूल में पढ़ना चाहिए तो राकेश और चम्मन भी तो 12 एवं 11 साल के हैं। इन्हें भी तो स्कूल में पढ़ना चाहिए।

शिक्षक: हाँ, हाँ, जरूर, इन्हें भी स्कूल में होना चाहिए। आप गाँव के सरपंच हो स्कूल में इन्हें दाखिला दिलाने के लिए आपको भी तो ध्यान देना चाहिए।

सरपंच: वाह गुरूजी! आप कैसी बातें करते हैं। ये सब काम तो गुरूजी का है।

शिक्षक: हमने प्रयास किया किन्तु उनके पालक उन्हें स्कूल भेजने को तैयार ही नहीं है।

सरपंच: (राकेश को बुलाकर) अरे राकेश! तुम पढ़ने क्यों नहीं जाते हो?

राकेश: सरपंच चाचा, मैं पाँचवीं कक्षा में दो बार फेल हो गया इसलिए पिताजी ने होटल में भेज दिया।

सरपंच: चम्मन, तुम भी इधर आओ। तुम स्कूल क्यों नहीं जाते हो।

चम्मन: सरपंच जी, हम लोग गरीब हैं। खाने को कुछ भी नहीं है, इसलिए मैं यहाँ काम करके खाता हूँ और घर में पैसे भी देता हूँ।

सरपंच: (तीनों बच्चों से) जाओ अपने–अपने पिताजी को बुलाकर लाओ।

(तीनों बच्चे अपने–अपने पिताजी को बुलाकर लाते है)

सरपंच: (सभी को) चलिए, स्कूल में चलते है। कुछ चर्चा करते हैं, हमारे पंचों को भी बुला लेते हैं।

शिक्षक: ठीक है सरपंच जी। चलिए।

दूसरा – दृश्य

स्थानः– विद्यालय भवन।

(सरपंच, शिक्षक, पंचगण, तीनों पालक, बच्चे एवं कुछ ग्रामीण बैठे हैं)

सरपंच–नवलू, तुम अपने बच्चे राकेश को स्कूल क्यों नहीं भेजते हो?

नवलू– क्या बताऊँ सरपंच साहब, राकेश पाँचवीं कक्षा में दो बार फेल हो गया, तो मैंने सोचा कि अब पढ़कर क्या करेगा? इससे अच्छा है कि वह होटल में काम करे, कुछ पैसा भी मिल जायेगा।

शिक्षक– नवलू भाई, आपको मालूम नहीं होगा कि ाासन के द्वारा एक कानून बनाया गया है जिसका नाम है – "बाल शिक्षा का अधिकार।" इस कानून के अनुसार कोई भी बच्चा फेल नहीं होगा। सबका समग्र मूल्याँकन होगा।

सरपंच– कैसे इतवारी? तुम्हारा बच्चा चम्मन भी तो होटल में काम करता है।

इतवारी–क्या करूँ सरपंच जी? गरीब होने के कारण होटल में काम करवा रहा हूँ।

सरपंच– अरे! तुमको मालूम नहीं है। गरीब बच्चों की मदद के लिए ाासन कई प्रकार की योजनाएँ चला रही है।

बुधवारू तुम बताओ, अपने लड़की मंगली से भीख क्यों मँगवाते हो?

बुधवारू–सरपंच जी, मैं गरीब हूँ। इनको पढ़ाने–लिखाने के लिए कापी–किताबें, फीस और कपड़े कहाँ से लाऊँगा? मंगली भीख माँगकर अपने लिए कमा लेती है। स्कूल जाने से क्या मिलेगा? लड़की है पढ़–लिखकर करेगी भी क्या? आखिर घर का चूल्हा ही तो फूँकेगी।

शिक्षक– अरे भई बुधवारू! सरकार के द्वारा "शिक्षा के अधिकार" के अन्तर्गत निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। किताबें, गणवेश, मध्यान्ह भोजन व छात्रवृत्ति भी दी जाती है। यदि आप चाहो तो सालभर के लिए आश्रम–शाला में भी दाखिला करवा सकते हो।

सरपंच– (सभी लोगों से) अब सुन लिये न। अब बच्चों की पढ़ाई के लिए गरीबी कोई कारण नहीं है। ाासन गरीबों के लिए कई प्रकार की योजनाएँ चला रही है और तुम लोग काम न करके नशाखोरी और कामचोरी करते हो। इन सबके लिए पैसा कहाँ से आता है? बच्चों को पढ़ने स्कूल न भेजकर अन्य काम करवाते हो। कल से गाँव के 6–14 आयु वर्ग के सभी बच्चे स्कूल जाने चाहिए। सन्तू तुम भी सुन लो। होटल में छोटे बच्चों को काम करवाना कानूनन अपराध है।

(सभी एक स्वर में) – जी हाँ, सरपंच जी। अब हम लोग कल से अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजेंगे।

सरपंच– (बच्चों से) क्यों बच्चों? तुम लोग कल से स्कूल आओगे।

तीनों बच्चे (एक स्वर में) – जी सरपंच जी। जरूर आएँगे।

(पर्दा गिरता है)

आ गे पंचायती राज रे संगी..... गीत सभी मिलकर गायेंगे।

प्रश्नोत्तरः—

प्रश्नः— बताइये कि क्या आपने कभी होटल में काम करने वाले, घूमने वाले, कबाड़ बीनने वाले बच्चों को स्कूल में लाने का प्रयास किया?

संभावित उत्तरः—.....

प्रश्नः— क्या आपने कभी स्कूल के बच्चो की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए काम किया है?

संभावित उत्तरः—.....

प्रश्नः— माह में आप कितनी बार शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन करने स्कूल में जाते है?

संभावित उत्तरः—.....

प्रश्नः— क्या आपने कभी अपने विद्यालय के समस्याओं एवं कमियों को जानने का प्रयास किया है?

संभावित उत्तरः—.....

प्रश्नः— क्या आपने कभी शिक्षकों एवं बच्चों की कठिनाइयों को जानने का प्रयास किया है?

संभावित उत्तरः—.....

प्रश्नः— यदि आपके गाँव के स्कूल में ऐसी कोई भी समस्या है तो आप सरपंच होने के नाते उसके समाधान के लिए क्या—क्या कर सकते है?

संभावित उत्तरः—.....

प्रश्नः— शिक्षा का अधिकार कानून के सुचारू क्रियान्वयन के लिए आप क्या कर सकते है?

संभावित उत्तरः—.....

कार्य योजना

प्रशिक्षक सभी प्रतिभागियों से अपने स्कूल के लिए योजना बनाने को कहेंगे एवं चार या पाँच प्रतिभागियों से योजना का पठन करवाएँगे।

क्र.	शिक्षा का अधिकार कानून	क्रियान्वयन में भूमिका	कैसे करेंगे?	कब तक
1.	.....	.....	.....	.....
2	.....	.....	.....	.....
3	.....	.....	.....	.....
4	.....	.....	.....	.....
5	.....	.....	.....	.....

निष्कर्षः—शिक्षा का अधिकार अधिनियम के सफल क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत की महती भूमिका है। अतः सरपंच एवं पंचों द्वारा पूरे समुदाय को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के लिए जागरूक करना होगा।

.....00.....

6–14 व ा के बच्चों के लिये नामांकन एवं ठहराव के लिए क्या कर सकते हैं ?

उद्देश्यः–

(1) ात्–प्रतिशत सर्वेक्षित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना।

(2) 6–14 व ा के सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित करना।

(3) नामांकित बच्चों का ाला में ठहराव सुनिश्चित करना।

(4) 6–14 व ा के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना।

(5) समुदाय को 6–14 व ा के बच्चों की शिक्षा के लिए जागरूक करना।

(6) जन प्रतिनिधियों एवं अन्य ासकीय निकायों को 6–14 व ा के बच्चों की शिक्षा के लिए कार्ययोजना तैयार करने हेतु प्रेरित करना।

आवश्यक सामग्रीः– कोरा कागज, पेन, मार्कर, बोर्ड, डस्टर, फाईल, आलपिन आदि।

चर्चा के बिन्दुः–

(1) आपके गाँव का एक बच्चा पशु चराने के कारण स्कूल नहीं आता; आप उसे स्कूल में कैसे लायेंगे?

संभावित उत्तरः–.....

.....

(2) आपके गाँव का एक बच्चा महुआ बीनने जाता है तो आप उसे स्कूल में कैसे लायेंगे?

संभावित उत्तरः–.....

(3) आपके गाँव की एक बालिका, घर में छोटे बच्चों की देखभाल और घरेलू कार्य करती है; आप उसे स्कूल में कैसे लायेंगे ?

